# सीएम ने सरई में खोला खजाने का पिटारा

## नगर में बनेगा 100 बिस्तरीय अस्पताल एवं उपखण्ड का दफ्तर

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 4 जुलाई. म.प्र. के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सरई के सीएम राईज स्कूल मैदान में सशक्त महिला एवं जनजाति गौरव सम्मेलन में शिकरत करते हुये सिंगरौली को 54 विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए 503 करोड़ रूपये की सौगात दी.**

मुख्यमंत्री ने देवसर विधानसभा क्षेत्र के सरई में उपखंड कार्यालय माड़ा को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के अलावा बरगवां से परसौना बाई रजमिलान- माड़ा 52 किमी की फोरलेन की बड़ी सौगात दी.



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कार्यक्रम स्थल पर वृक्षारोपण किया. उन्होंने कहा कि सिंगरौली मप्र के सबसे अंतिम छोर का जिला है, लेकिन मेरे मन व दिल के सबसे करीब है. सिंगरौली में अगले साल से मेडिकल कॉलेज शुरू हो जाएगा और यहां डॉक्टर बनने शुरू हो जाएंगे. वही आज आने के पहले 12वीं में 75 प्रतिशत अंक लगाने वाले 94 हजार छात्र-छात्राओं को लैपटॉप दिया गया. जिसमें 60 प्रतिशत छात्राएं हैं जबकि 40 प्रतिशत छात्र हैं. सभी बच्चों को 25-25 हजार रुपए की राशि ट्रांसफर कर दी गई है. कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री संपतिया उईके , राज्य मंत्री राधा सिंह, सांसद डॉ. राजेश मिश्रा, विधायक राजेन्द्र मेश्राम, रामनिवास शाह, विश्वामित्र पाठक, कुंवर सिंह टेकाम, जिलाध्यक्ष सुन्दरलाल शाह, जनपद अध्यक्ष प्रणव पाठक, सीडा अध्यक्ष दिलीप शाह सहित कमिशनर, आईजी, डीआईजी, कलेक्टर, एसपी समेत अन्य जनप्रतिनिधि एवं नेता, अधिकारीगण मौजूद रहे.

### लाडली बहनों के लिए 18669 करोड़ रुपए बजट

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आदिवासी भाई-बहनों के लिए हमारी सरकार बनने के बाद पहली कैबिनेट की बैठक जबलपुर में रानी दुर्गावती के नाम पर की है. आदिवासियों के कौदौ, कुटकी सहित मोटे अनाज की खरीदी की जाएगी. पूरे देश में यदि गेहूं का कहीं समर्थन मूल्य सबसे अधिक है, तो वह म.प्र. में है. हमारे यहां 2600 रूपए प्रति क्विंटल कीमत दी जा रही है. अगले आने वाले विधानसभा और लोकसभा चुनाव में 33 प्रतिशत सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी.

# भाकपा और कांग्रेस नेता नजरबंद

- सीएम के आगमन से पहले पुलिस ने की कार्रवाई
- पुलिस ने साइलेंट तरीके से हिरासत में ले लिया



नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 4 जुलाई. जिले के सरई ब्लॉक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आज दिन शुक्रवार की दोपहर 1 बजे प्रस्तावित कार्यक्रम से पहले भाकपा के नेता संजय नामदेव एवं सरई में ओबीसी तथा कांग्रेसी नेता सुनील कुमार जायसवाल को पुलिस ने साइलेंट तरीके से हिरासत में ले लिया.**

भाकपा नेता संजय नामदेव का आरोप है कि पार्टी कार्यालय माजन मोड़ स्थित जिला कार्यालय में सिंगरौली पुलिस द्वारा बिना किसी सार्वजनिक सूचना या कानूनी औपचारिकता के नजरबंद कर दिया गया. यह कार्रवाई मुख्यमंत्री के हेलीकॉप्टर के उतरने से पहले की गई.

कम्युनिस्ट पार्टी का कहना है कि यह कार्रवाई सरकार की डर और असहिष्णुता का प्रतीक है. पार्टी कार्यकर्ताओं का आरोप है कि भाजपा सरकार विपक्षी आवाजों को दबाने के लिए प्रशासनिक शक्ति का दुरुपयोग कर रही है. वही सरई में ओबीसी एवं कांग्रेस समर्थित सुनील कुमार जायसवाल को भी पुलिस ने उन्हें के घर में नजरबंद कर दिया.

# जबलपुर में पानी के तेज बहाव में बह गए दो ट्रक



**जबलपुर. शहर में भूसे व गैस सिलेंडर से भरा ट्रक एक पुल में आये तेज बहाव में बह गया.**

यह घटना शहर से लगभग 30 किलोमीटर दूर बरेला थानान्तर्गत सलैया ग्राम के पास की है. गनीमत रही कि ड्राइवर और क्लीनर वक्त रहते कूद गए. घटना की जानकारी लगते ही बरेला थाना पुलिस मौके पर पहुंची. प्रशासन अब क्रेन की मदद से ट्रक को बाहर निकालने की तैयारी कर रही थी. हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है, लेकिन मामला गंभीर है, क्योंकि ट्रक में घरेलू गैस सिलेंडर भरे हुए थे.

### ट्रक ड्राइवर नहीं माना

हादसा सुबह करीब 11:30 बजे हुआ. ट्रक जबलपुर से बरेला होते हुए कुंडम की ओर जा रहा था. जब वह ग्राम सलैया के पास पहुंचा, तो पुल पर पानी भरा हुआ था. वहां मौजूद ग्रामीणों ने ट्रक ड्राइवर को पुल पार करने से मना किया, लेकिन ड्राइवर ने ग्रामीणों की बात अनसुनी कर दी. वह ट्रक लेकर पानी में उतर गया. जैसे ही ट्रक पुल के बीच पहुंचा, तेज बहाव में फंस गया और धीरे-धीरे बहने लगा. स्थिति को भांपते हुए चालक और क्लीनर ट्रक से कूद गए. दोनों किसी तरह किनारे आ गए और सुरक्षित हैं. वही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सूर्यकांत शर्मा ने बताया कि गैस सिलेंडर से भरे ट्रक से पहले एक और ट्रक बहा था, जो भूसे से भरा हुआ था. पुलिस और प्रशासन दोनों ट्रकों की तलाश में जुटे हैं. एएसपी के मुताबिक, गनीमत रही कि सिलेंडरों में कोई रिसाव या ब्लास्ट जैसी स्थिति नहीं बनी. ग्रामीणों ने बताया कि अगर यही घटना सामान्य दिनों में होती, तो आसपास के लोग सिलेंडरों को लूट लेते. फिलहाल बरेला थाना पुलिस की निगरानी में राहत कार्य जारी है.

## किराये के विवाद पर पॉक्सो एक्ट का प्रकरण

**जबलपुर.** पॉक्सो मामले में आजीवन कारावास की सजा से दंडित किये जाने के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील दायर की गयी थी. हाईकोर्ट जस्टिस विवेक अग्रवाल तथा जस्टिस ए के सिंह की युगलपीठ ने बताया कि पीड़िता ने बहन ने भी पूर्व में भी एक अन्य व्यक्ति के खिलाफ बलात्कार का प्रकरण दर्ज कराया था. अपीलकर्ता को जमानत का लाभ दिया. मंडला निवासी दिनेश यादव की तरफ से दायर अपील में कहा गया था कि उसके घर में किराए से रहने वाला व्यक्ति पीड़ित का सौतेला पिता था. पीडिता के द्वारा पूर्व में भी एक अन्य व्यक्ति के खिलाफ दुराचार का प्रकरण दर्ज करवाया गया था.

# जिलाध्यक्ष की दिल्ली पर निगाहें

**शहर में ब्राम्हण या पिछड़ा ग्रामीण में आदिवासी नेताओं पर दांव**

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 4 जुलाई. जिला कांग्रेस कमेटी शहर एवं ग्रामीण जिलाध्यक्ष पद चयन को लेकर सबकी निगाहें दस जनपथ नई दिल्ली पर टिकी हुई है.**

जिलाध्यक्षों के पदों की घोषणा कब होगी, कांग्रेसी नेता भी कुछ नहीं बोल पा रहे हैं. पिछले माह कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष शहर एवं ग्रामीण के लिए सांसद एवं सप्तगिरी उल्का सिंगरौली आये थे. जहां शहर से लेकर ग्रामीण अंचल के साथ-साथ विधानसभा में पहुंच दावेदारों का आवेदन और रायसुमारी कमी गई. पर्यवेक्षक ने 5-5 दावेदारों का पैनल तैयार कर अपने अभिमत के साथ राष्ट्रीय नेतृत्व के यहां भेज दिया है. अब जिलाध्यक्षों के चयन कांग्रेस पार्टी के केन्द्रीय नेतृत्व के पाले में है. शहर में किसी ब्राम्हण या पिछड़ा वर्ग एवं ग्रामीण अंचल में किसी आदिवासी नेता के नाम पर मोहर लगाई जा सकती है. आदिवासी एवं हरिजन मतदाताओं को साधने के लिए कांग्रेस पार्टी ग्रामीण अंचल में आदिवासी नेता को जिलाध्यक्ष का पद सौप सकती है.

## वन क्षेत्र के तालाब में मारी गुहा, आरोपी को जेल

**तेंदूखेड़ा/दमोह.** वन परिक्षेत्र अंतर्गत आने वाले झलौन में एक व्यक्ति द्वारा वन्य प्राणी जलचर गुहा का शिकार कर मारने पर झलौन वन विभाग द्वारा आरोपी विशाल सिंह को गिरफ्तार कर तेंदूखेड़ा थाने में लाया गया.मामला वन्य प्राणी का होने पर तेंदूखेड़ा पुलिस द्वारा वन्य प्राणी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आरोपी विशाल सिंह को न्यायालय में पेश किया. जहां से आरोपित की जमानत न होने पर आरोपी को जेल भेज दिया गया. झलौन रेंजर मसीह ने बताया कि विशाल सिंह द्वारा झलौन के तालाब में एक गुहा का शिकार कर दूसरे को मारने का प्रयास किया गया.

# वायुसेना में करियर बनाने का अवसर



**सतना.प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस शाहिद पद्मधर सिंह शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शुक्रवार को वायुसेना के अधिकारियों द्वारा एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया.**

इस कार्यक्रम में भोपाल से आए हुए वायुसेना अधिकारीयों ने छात्रों को वायु सेवा में भर्ती और अग्नि वीर से संबंधित जानकारी दी. वायुसेना अधिकारियों ने बताया कि 12वीं पास आउट सभी संकाय के 17 से 21 वर्ष के छात्र-छात्राएं वायु सेवा में अलग-अलग ब्रांचेज में अप्लाई कर सकते हैं और अपना करियर वायु सेना के क्षेत्र में बना सकते हैं. उन्होंने भर्ती प्रक्रिया, योग्यता, सैलरी आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी. कार्यक्रम के अंत में छात्रों से वायु सेना से संबंधित प्रश्नोत्तरी भी की गई. सही उत्तर देने वाले छात्रों को पुरस्कार स्वरूप गिफ्ट दिया गया.

### कार्यक्रम का उद्देश्य

इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को वायुसेना में भर्ती के अवसरों के बारे में जागरूक करना और उन्हें अपना करियर बनाने में मदद करना था. महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. शिवेश प्रताप सिंह ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम छात्रों के लिए बहुत उपयोगी होते हैं और उन्हें अपने भविष्य को आकार देने में मदद करते हैं. महाविद्यालय ने आगामी दिनों में भी इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बनाई है, जिससे छात्रों को विभिन्न क्षेत्रों में करियर बनाने के अवसरों के बारे में जानकारी मिल सके.



# अवैध शराब के अड्डों पर दबिश

**ओंकारेश्वर. अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए थाना मांधाता पुलिस द्वारा डूकिया जिल्हार और सिद्धवरकूट के जंगलों में दबिश देकर बड़ी मात्रा में बैक वाटर में संचालित कच्ची हाथ भट्टी महुआ शराब के अड्डों को ध्वस्त कर करीब 4000 लीटर महुआ लाहन शराब कीमती दो लाख रुपए की नष्ट की गई.**

निरीक्षक अनोकसिंह सिंधिया के नेतृत्व में कमलेश नागराज, आर 07 जितेन्द्र, आर 617रवि, आर 752 नंदराम, आर 12 चंद्रवीर सिकरवार का योगदान रहा.

# श्मशान की भूमि पर सरपंच कर रहा कब्जा

**जबलपुर. बैतूल जिले की अथनेर तहसील अंतर्गत ग्राम मंडवी के सरपंच द्वारा नदी किनारे स्थित श्मशान की आरक्षित भूमि पर बाउंड्री वाल तैयार कर कब्जा किये जाने का आरोप लगाते हुए मामले को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है.**

एक्टिंग चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ ने मामले में अनावेदकों को नोटिस जारी करते हुए स्टेट्स रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिये है. युगलपीठ ने मामले की अगली सुनवाई 4 अगस्त को निर्धारित की है. यह जनहित का मामला बैतूल तिले की अथनेर तहसील के ग्राम मांडवी निवासी दीपक कुमार बरपेटे की ओर से दायर किया गया है. जिनकी ओर से अधिवक्ता विद्याशंकर मिश्रा ने पक्ष रखा. आवेदक का कहना है कि मांडवी ग्राम में नदी किनारे स्थित शासकीय भूमि श्मशान घाट के लिये रिजर्व है. आरोप है कि उक्त जमीन पर ग्राम सरपंच ने पहले तो कुछ पेड़-पौधे लगवाये, इसके बाद उसके चारों ओर बाउंड्रीबाल का निर्माण कर वहां अखाड़ा शुरु करा दिया, इतना ही नहीं नदी के किनारे से बाउंड्रीबाल का निर्माण किया गया, जिससे नदी का अस्तित्व भी संकट में आ गया और उसकी चौड़ाई पहले से काफी कम हो गई.



उक्त मामले की शिकायत जिम्मेदार अधिकारियों से की गई, जिन्होंने शिकायत को सही पाते हुए कलेक्टर से कार्यवाही से अनुशंसा भी की, लेकिन नतीजा सिफर रहा, जिस पर हाईकोर्ट की शरण ली गई है. मामले में मप्र शासन के प्रमुख सचिव, कलेक्टर बैतूल, तहसीलदार अथनेर, जिला व जनपद पंचायत सीईओं एवं ग्राम पंचायत मंडवी के सरपंच को पक्षकार बनाया गया है. मामले की प्रारंभिक सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है.

# 13 दिन से डाकघर में काम बंद

**भानपुरा. उपडाकघर में राउटर मशीन खराब होने से दिनों से सारी व्यवस्था ठप्प पड़ी है लोग लगा रहे चक्कर हो रहे परेशान. डाकघर के अल्प बचत एजेंट राकेश शर्मा शालीमार द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार विगत 21 जून शनिवार से ही भानपुरा उपडाकघर का सारा काम बंद पड़ा हुआ है.**

लगभग 20 अल्प बचत एजेंट इस डाकघर से जुड़े हुए है ओर भानपुरा नगर के आम जनों के हजारों की संख्या में खाते यहां खुले हुए है ओर आधार कार्ड जारी करने और अपडेट करने का काम भी इसी पोस्ट में चल रहा है. एजेंट ओर आम जनता चार दिनों से चक्कर लगा रहे हैं, परेशान हो रहे हैं. अगले कुछ दिन ओर स्थिति यही रह सकती है. इसी बीच महीने की आखरी तारीख निकल जायेगी जिसके कारण हर महीने जमा होने वाले आर डी खातों में पेनल्टी लगने से आम जनता का नुकसान होगा. उपडाकघर भानपुरा के सबपोस्ट मास्टर विकास सिंह और काउंटर बाबू धर्म सिंग से इस विषय मे बात करने पर प्राप्त जानकारी के अनुसार राउटर मशीन खराब हो गई है. विभाग के सम्बंधित अधिकारियों ओर बी एस एन एल भानपुरा को सूचना कर दी है. नई मशीन मंगवाने की प्रक्रिया चल रही है. जब तक मशीन नही आती कुछ दिन ओर स्थिति यही रह रहेगी. बचत काउंटर के सभी प्रकार के जमा निकासी खाते खोलना बन्द करना सभी काम बंद है.

# देर रात घर में घुसकर महिला से मारपीट

## पीड़िता के हो-हल्ला मचाने पर आरोपी भाग खड़े हुए

**सीधी. सिटी कोतवाली थाना अंतर्गत ग्राम हिनौता में देर रात घर में घुसकर दो व्यक्तियों द्वारा महिला के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी गई. पीड़िता के हो-हल्ला मचाने पर आरोपी भाग खड़े हुए.**

पीड़िता मीना जायसवाल पति यजभान जायसवाल उम्र 30 वर्ष ने कोतवाली थाना में की गई रिपोर्ट में कहा है कि घटना दिनांक 30 जून को घर में वह बच्चे के साथ सो रही थी. उसके पति मामा के घर पटेहरा गए थे. रात करीब 10:30 बजे आरोपी अज्जू जायसवाल निवासी सोनाखांड अपने साथी सद्दू खान निवासी



विजयपुर के साथ आया और घर का दरबाजा पीटने लगा. दरबाजा खोलने पर दोनो आरोपी अंदर आ गए और अज्जू जायसवाल इज्जत लेने की नियत से उसका मुंह पकडकर गाल में दांत से काट दिया. इसके बाद अज्जू गला दबाने लगा. होल-हल्ला मचाने पर पड़ोस के दो व्यक्तियों के आने पर आरोपी भाग खड़े हुए. पति के घर आने पर पीड़िता द्वारा कोतवाली थाना में रिपोर्ट की गई. पुलिस ने दोनो आरोपियों के विरुद्ध धारा 74, 75, 115(2), 331(2), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है. उधर पीड़िता ने कहा है कि पुलिस की गिरफ्त से आरोपी अभी तक बाहर हैं. जिसके चलते उनके द्वारा केश वापस लेने के लिए लगातार धमकी दी जा रही है. जिसके चलते उसका पूरा परिवार दहशत में है.

## दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**दमोह.** विकलांग महिला ने थाना पटेरा में आरोपी चिन्ता उर्फ राजा कुर्मी पटैल निवासी रमगढ़ा के विरुद्ध जबरन गलत काम करने संबंधी रिपोर्ट लेख कराई थी जो रिपोर्ट पर थाना पटेरा में अप.क्र.133/25 धारा 332,64 बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया. जो आरोपी चिन्ता उर्फ राजा कुर्मी पटैल घटना से लगातार फरार चल रहा था. मामले में पुलिस अधीक्षक अति. पुलिस अधीक्षक और एसडीओपी हटा के निर्देशन में निरी. सरोज ठाकुर,थाना प्रभारी पटेरा द्वारा टीम गठित कर आरोपी चिन्ता उर्फ राजा पिता बालचंद कुर्मी पटैल उम्र 41 साल निवासी रमगढ़ा,थाना पटेरा को तीन जुलाई 25 को उक्त आरोपी बाहर जाने की फिराक में था.

# जिले में 146 .55 हजार हेक्टेयर भूमि में खरीफ की बोनी का लक्ष्य

नवभारत न्यूज

**सीधी 4 जुलाई. कृषि विभाग द्वारा सीधी जिले में खरीफ सीजन की बुवाई के लिए पूरी कार्ययोजना निर्धारित कर ली गई है. कृषि विभाग खरीफ बुवाई की तैयारी में जुट गया है. जबकि किसानों की निगाहें मानसून पर टिकी है.**

गत वर्ष के मुकाबले विभाग ने इस वर्ष भी बुवाई का आकड़े में खास वृद्धि नहीं की है. जिले में इस बार 146.55 हजार हेक्टेयर में खरीफ की बुवाई कराने का प्लान तैयार किया है. विभाग की ओर से खाद एवं बीज का भंडारण फिलहाल पर्याप्त मात्रा में समितियों में करा दिया गया है. कृषि विभाग ने खरीफ फसल क्षेत्राच्छादन कार्यक्रम तैयार किया है. विभाग ने इस बार खरीफ के रकबे में खास बढ़ोत्तरी नहीं की है. गत वर्ष 144.84 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में बुवाई लक्ष्य निर्धारित किया गया था जबकि इस वर्ष मामूली बढ़ोत्तरी करते हुए जिले में 146.55 हजार हेक्टेयर में खरीफ की बुवाई का प्रस्ताव तैयार किया है. इसमें धान, मक्का, बाजरा, ज्वार, कोदो-कुटकी, तुअर, उड़द, मूंग, तिल आदि शामिल है. दूसरी ओर प्रदेश में मानसून सक्रिय होने के साथ ही किसानों ने खेत तैयार करने शुरू कर दिए है. अभी किसान खेतों की ट्रैक्टरों से जुताई करने की तैयारी कर रहे हैं.

**अपराध** | कार से बरामद हुआ 16 कट्टे में भरा डोडाचूरा व 4 प्रांत की नम्बर प्लेटें

# पुलिस वाहन को देख ड्राइवर ने कुए में धकेली कार



**पिपलियामण्डी. बिना मुण्डेर के कुए में गिरी कार से पुलिस ने डोडाचूरा बरामद किया. बताया गया रात्रि में पुलिस उक्त कार का पीछा कर रही थी. हालांकि मौके पर कोई पकड़ा नही गया. पुलिस मामले की जांच कर रही है.**

नाहरगढ़ थानान्तर्गत गांव नावनखेड़ी में जागीरदार के बिना मुण्डेर के कुए में कार गिरी होने की सूचना पर पुलिस मौके पहुंची. कार में कौन सवार था इसका पता नही चल पाया. कुए में कार के साथ कट्टे देखे गए. सूचना पर पुलिस मौके पहुंची, ग्रामीणों की मदद से कट्टे व कार को बाहर निकाला गया. नाहरगढ़ टीआई प्रभात गौड़ ने बताया कुए से क्रेटा कार को निकाला गया है, जिसमें डोडाचूरा के करीब 12 कट्टे भरे थे. फिलहाल प्रकरण दर्ज नही किया है. पुलिस जांच कर रही है. इधर जानकार सूत्रों के अनुसार घटना बुधवार रात्रि 11 बजे की है, पुलिस उक्त वाहन का पीछा कर रही थी. लेकिन कुए के पास आकर कार ड्राइवर ने कार को लॉक कर कुए में धकेल दिया. रात्रि में कार का पीछा कर रहे पुलिस वाहन में सवार पुलिसकर्मियों को कार के कुए के गिरने का पता लगा तो पुलिस वाहन में सवार पुलिसकर्मी वहां से निकल गए.

सुबह खेत पर स्थित कुआ मालिक ने इसकी सूचना पुलिस को दी. लेकिन पुलिस मौके नही पहुंची, बाद में चौकीदार ने पुलिस को सूचना दी तो पुलिस मौके पहुंची, कुए में चप्पल पानी में तैर रही थी. इससे एसा प्रतीत हो रहा था कि कुए में किसी की लाश हो सकती है. कुआ करीब 50 फिट गहरा है, जिसमें 30 फिट पानी भरा हुआ था. प्रातः करीब 11 बजे नाहरगढ़ पुलिस मौके पहुंची, कुए का पानी मोटर लगाकर खाली कराया.

# जिले में 11 पुलिस कर्मी लाईन अटैच

- पुलिस मुख्यालय से निर्देश के बाद हुई कार्रवाई

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 4 जुलाई. पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश के तहत जिले के विभिन्न थानों में पदस्थ ऐसे पुलिस कर्मियों को लाईन अटैच किया गया है जिनके खिलाफ अपराधिक प्रकरण दर्ज है.**

एसपी ने कुन्दवार चौकी प्रभारी समेत 11 पुलिस कर्मियों को रक्षित केन्द्र सिंगरौली में संबद्ध किया है. एसपी मनीष खत्री ने पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार जिन पुलिस कर्मियों के विरूद्ध अपराधिक प्रकरण विवेचना अथवा अभियोजन में अभिलंबित हैं.

दुर्घटना प्रकरण को छोड़ कर तथा जिन पुलिस कर्मियों के विरूद्ध भ्रष्टाचार, नैतिक अधोपतन, शारीरिक हिंसा एवं अवैध निरोध संबंधी आरोपो पर विभागीय जांच लंबित हैं. जिसमें चौकी प्रभारी कुन्दवार उपनिरीक्षक बालेन्द्र त्यागी, थाना विंध्यनगर सउनि विजय पटेल, थाना माड़ा सउनि अमित द्विवेदी, अरविन्द, थाना यातायात सउनि शिवेन्द्र सिंह, थाना मोरवा प्रधान आरक्षक विपिन तोमर, थाना जियावन आरक्षक पिपुल पाठक, थाना बरगवां आरक्षक पुष्पराज सिंह, चौकी बरका फतेबहादुर सिंह, चौकी जयंत अशोक यादव, थाना विंध्यनगर समीर धुर्वे शामिल हैं.

## पिता की हत्या में बेटा निकला हत्यारा

**मंदसौर.** गरोठ थाना क्षेत्र के ग्राम कछालिया में हुए बालाराम धनगर हत्याकांड का खुलासा करते हुए पुलिस ने मात्र 24 घंटे में उसके पुत्र राजु उर्फ राजाराम धनगर को गिरफ्तार कर लिया. पुलिस अधीक्षक अभिषेक आनंद, एएसपी हेमलता कुरील एवं एसडीओपी विजय कुमार के निर्देशन व थाना प्रभारी हरीश मालवीय के नेतृत्व में की गई त्वरित कार्रवाई में यह सफलता मिली. 2-3 जुलाई की रात खेत में बने टीन शेड में सो रहे बालाराम धनगर की फावड़े व कृषि उपकरणों से हत्या कर दी गई थी. पुलिस जांच में सामने आया कि वारदात के समय मृतक के साथ उसका पुत्र राजु ही था, जो वारदात के बाद फरार हो गया था.